उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

**सूचना/ विज्ञप्ति**

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम**

**संख्या : पीआरपीबी-चार-12(37)/2025(भाग-4)** **दिनांक: दिसम्बर 29 , 2025**

मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 05-10-2025 को सम्पन्न हुई प्रथम चरण की लिखित परीक्षा की प्रश्नपुस्तिका एवं उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट पर दिनांक 09-10-2025 को प्रदर्शित करते हुए अभ्यर्थियों से प्रदर्शित की गयी प्रश्नपुस्तिका एवं उत्तरकुंजी के प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में दिनांक 12-10-2025 की मध्य रात्रि तक आपत्तियॉं आमन्त्रित की गयीं थी।

2- अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में प्रेषित आपत्तियों के परीक्षणोपरान्त एवं विषय विशेषज्ञ की संस्तुतियों के आधार पर प्रश्न/उत्तर विकल्प त्रुटिपूर्ण होने के कारण 04 प्रश्नों को निरस्त एवं 01 प्रश्न का 01 से अधिक उत्तर विकल्प सही होना पाया गया है तथा 04 प्रश्नों के उत्तर विकल्प परिवर्तित/संशोधित किये गये हैं। निरस्त प्रश्नों एवं संशोधित उत्तर विकल्पों का विवरण बोर्ड की समांक विज्ञप्ति दिनांकित 06-11-2025 द्वारा अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए सूचित किया जा चुका है कि निरस्त प्रश्नों के अंकों की गणना रिट याचिका संख्या-2669(एम0बी0)/2009 पवन कुमार अग्रहरि बनाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुसार की जायेगी।

3- मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के पद पर चयन के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली के नियम-5(ग) व 10 (क) 'लिखित परीक्षा' में प्रावधानित है कि "........मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के पद हेतु पात्र अभ्यर्थियों से लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी। यह परीक्षा 70 अंको की होगी और इस परीक्षा में सफल होने के लिए न्यूनतम 35 अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। इस परीक्षा में प्राप्त अंको को अन्तिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगा। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अगले चरण की 'प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण' में सम्मिलित होंगे। **अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर जाकर दिये गये लिंक पर पी0एन0ओ0 व जन्मतिथि डालकर अपना परिणाम देख सकते है।**

4- लिखित परीक्षा में अर्ह पाये गये (50 प्रतिशत से अधिक अक पाने वाले) अभ्यर्थियों के लिए मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के पद पर चयन के सम्बन्ध में अगले चरण की 'प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण' हेतु प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने से सम्बन्धित सूचना शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर प्रकाशित की जायेगी।

5- अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से प्रदत्त की जायेगी।

6- यद्यपि उक्त सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त/अनुमन्य होगा। यह सूचना सर्वसाधारण के लिए है। अत: जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत अथवा अन्य माध्यमों से पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

**अपर सचिव-प्रोन्नति,**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**
29